# फागुन आया | By Nisha Dwivedi

चलो रे भक्तों फागुन आया श्याम धणी के द्वार
नाचेंगे मिलकर खाटू मेरे बाबा जी के द्वार

रींगस से खाटू तक पैदल हम जायेंगे
लेकर के श्याम निशा हम गुण तेरा गाएंगे
श्याम भरोसे है ये ज़िन्दगी और जीवन में बहार
नाचेंगे मिलकर खाटू मेरे बाबा जी के द्वार

होली की मस्ती और रंग का त्यौहार है
इत्तर की खाटू में अब चलती फुहार है
बाबा के संग मिलन की खातिर हो जाओ तैयार
नाचेंगे मिलकर खाटू मेरे बाबा जी के द्वार

तेरे दरबार की तो महिमा निराली है
तेरी चौखट का बाबा अवि ही सवाली है
लुटाता भक्तों में मेरा बाबा हर प्रेमी में प्यार
नाचेंगे मिलकर खाटू मेरे बाबा जी के द्वार

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ab%e0%a4%be%e0%a4%97%e0%a5%81%e0%a4%a8-%e0%a4%86%e0%a4%af%e0%a4%be-by-nisha-dwivedi/